No. of Printed Pages/Questions: 12/17

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination (2023 – 2024)

**Class: VIII** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 3.15Hrs.**



Name: ______________________ Class / Section: _________ Roll No.:___________

**सामान्य निर्देश :–**

(1) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र मुद्रित पृष्ठ 12 हैं।
(2) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में 17 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(3) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरु करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
(4) इस प्रश्न–पत्र में दो खंड हैं– **खंड–'अ'** और **खंड– 'ब'**। **खंड–'अ'** में बहुविकल्पीय / वस्तुपरक और **खंड–'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
(5) **खंड–'अ'** में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(6) **खंड–'ब'** में कुल 7 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
(7) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

## (खण्ड 'अ')
## (बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्न)

**प्र0 1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X5=5)**

अपनी सभ्यता का जब मैं अवलोकन करता हूँ, तब लोगों को काम के संबंध की उनकी विचारधारा के अनुसार उन्हें विभाजित करने लगता हूँ। एक वर्ग में वे लोग आते हैं, जो काम को उस घृणित आवश्यकता के रूप में देखते हैं, जिसकी उनके लिए उपयोगिता केवल धन अर्जित करना है। वे अनुभव करते हैं कि जब दिन भर का श्रम समाप्त हो जाता है, तब वे जीना सचमुच शुरु करते हैं और अपने आप में होते हैं।

जब वे काम में लगे होते हैं, तब उनका मन भटकता रहता है। काम को वे उतना महत्त्व देने का कभी विचार नहीं करते, क्योंकि केवल आमदनी के लिए ही उन्हें काम की आवश्यकता है। दूसरे वर्ग के लोग अपने काम को आनंद और आत्मपरितोष पाने के एक सुयोग के रूप में देखते हैं। वे धन इसलिए कमाना चाहते हैं, ताकि अपने काम से अधिक एकनिष्ठता के साथ समर्पित हो सके। जिस काम में वे संलग्न होते हैं, उसकी पूजा करते हैं।

पहले वर्ग में केवल वे लोग ही नहीं आते हैं, जो बहुत कठिन और अरुचिकर काम करते हैं। उसमें बहुत–से संपन्न लोग भी सम्मिलित हैं, जो वास्तव में कोई काम नहीं करते हैं। ये सभी धन को ऐसा कुछ समझते हैं, जो उन्हें काम करने के अभिशाप से बचाता है। इसके सिवाय कि उनका भाग्य अच्छा रहा है, वे अन्यथा उन कारखानों के मज़दूरों की तरह ही हैं, जो अपने दैनिक काम को जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप समझते हैं। उनके लिए काम कोई घृणित वस्तु है और धन वांछनीय, क्योंकि काम से छुटकारा पाने के साधन का प्रतिनिधित्व यही धन करता है।

यदि काम को वे टाल सकें और फिर भी धन प्राप्त हो जाए, तो खुशी से यही करेंगे। जो लोग काम में अनुरक्त हैं तथा उसके प्रति समर्पित हैं, ऐसे कलाकार, विद्वान और वैज्ञानिक दूसरे वर्ग में सम्मिलित हैं। वस्तुओं

को बनाने और खोजने में वे हमेशा दिलचस्पी रखते हैं। इसके अंतर्गत परंपरागत कारीगर भी आते हैं, जो किसी वस्तु को रूप देने में गर्व और आनंद का वास्तविक अनुभव करते हैं। अपनी मशीनों को ममत्वभरी सावधानी से चलाने और उनका रख–रखाव करने वाले कुशल मिस्त्री और इंज़ीनियर इसी वर्ग से संबंधित हैं।

**(i) पहले वर्ग के लोग काम को किस रूप में देखते हैं ?**

(अ) कर्तव्य भावना के रूप में (ब) धन प्राप्ति के साधन के रूप में

(स) आनंद प्राप्ति के साधन के रूप में (द) समाज सेवा के रूप में

**(ii) दूसरे वर्ग के लोग धन क्यों कमाना चाहते हैं ?**

(अ) क्योंकि यही उनका एकमात्र उद्देश्य होता है।

(ब) क्योंकि धन से ही इच्छाओं की पूर्ति होती है।

(स) क्योंकि वे अपने काम से अधिक एकनिष्ठता के साथ समर्पित हो सके।

(द) क्योंकि वे दिनभर की थकान मिटा सकें।

**(iii) काम करना किनके लिए घृणित है ?**

(अ) जो काम की तुलना में धन को प्राथमिकता देते हैं।

(ब) जो धन की तुलना में काम को प्राथमिकता देते हैं।

(स) जो दैनिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं।

(द) जो धन और काम को समान नहीं मानते हैं।

**(iv) दूसरे वर्ग के लोगों के विषय में कौन–सा कथन सही नहीं है ?**

(क) वे काम में अनुरक्त रहते हैं।

(ख) वे काम के प्रति समर्पित होते हैं

(ग) वे वस्तुओं को रूप देने में आनंद का अनुभव करते हैं।

(घ) वे काम से छुटकारा पाना चाहते हैं।

(अ) कथन क, ख और ग सही नहीं है (ब) कथन क और ख सही नहीं है

(स) कथन क, ख और घ सही नहीं है (द) केवल कथन घ सही नहीं है

**(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

कथन (A) **काम के प्रति समर्पित लोगों के वर्ग में कलाकार, विद्वान, वैज्ञानिक, परंपरागत कारीगर, कुशल मिस्त्री और इंजीनियर लोग आते हैं।**

कारण (R) **क्योंकि इन वर्गों के लोग वस्तुओं को बनाने आर सीखने में रुचि लेते हैं।**

(अ) कथन **(A)** गलत है, किंतु कारण **(R)** सही है।

(ब) कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों गलत हैं।

(स) कथन **(A)** सही है और कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(द) कथन **(A)** सही है, किंतु कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

प्र0 2 निम्नलिखित दो काव्यांशों में से किसी एक काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5=5)

**काव्यांश एक**

जब कभी मछेरे को फेंका हुआ
फैला जाल
समेटते हुए देखता हूँ
तो अपना सिमटता हुआ
'स्व' याद हो आता है–
जो कभी समाज, गाँव और
परिवार के वृहत्तर परिधि में,
समाहित था।
'सर्व' की परिभाषा बनकर,
और अब केंद्रित हो
गया हूँ मात्र बिंदु में।
जब कभी अनेक फूलों पर,
बैठी, पराग को समेटती
मधुमक्खियों को देखता हूँ
तो मुझे अपने पूर्वजों की
याद हो आती है,
जो कभी फूलों को रंग, जाति, वर्ग
अथवा कबीलों में नहीं बाँटते थे
और समझते रहे थे कि
देश एक बाग है
और मधु–मनुष्यता
जिससे जीने की अपेक्षा होती है।
किंतु अब
बाग और मनुष्यता
शिलालेखों में जकड़ गई है
मात्र संग्रहालय की जड़ वस्तुएँ

**(i) इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए–**
**कथन**

(क) आज मनुष्यता की परिभाषा वह नहीं रही, जो पहले हुआ करती थी।
(ख) आज मनुष्यता सिमटते–सिमटते जड़ वस्तु बनकर रह गई है।
(ग) आज मनुष्यता की परिधि अधिक विस्तृत हो गई है।
(घ) आज मनुष्यता संगठन में नहीं विघटन में देखी जाती है।

**विकल्प**

(अ) कथन (ख) सही है। (ब) कथन (क) व (ग) सही हैं।
(स) कथन (ख) व (ग) सही हैं। (द) कथन (क), (ख), (ग) व (घ) सही हैं।

**(ii) कविता में 'स्व' शब्द का आशय है–**

(अ) धन, संपत्ति, दौलत (ब) अपना, अपनापन, लगाव
(स) कल्याण, हितभावना, भलाई (द) प्रशासन, शासन, अनुशासन

**(iii) किसी समय में कवि की 'स्व' की सीमा थी–**

(अ) अपने माता–पिता तक (ब) अपनी पत्नी और बच्चों तक
(स) पूरे समाज और गाँव तक (द) केवल घनिष्ठ मित्रों तक

**(iv) पुराने समय में कवि के पूर्वज विश्वास करते थे–**

(अ) रंग के आधार पर देशवासियों के विभाजन में
(ब) जाति के आधार पर देशवासियों के वर्गीकरण में

(स) भाषा एवं धर्म के आधार पर देश के बँटवारे में

(द) भिन्न वर्गों एवं जातियों की एकता में

**(v) यह कविता हमें सिखाती है कि–**

**कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए–**

**कथन–**

(क) हमें अपने मन में दूसरों के प्रति अपनापन और लगाव बनाए रखना चाहिए।

(ख) हमारे मन में दूसरों के कल्याण, भलाई और हित की भावना बनाए रखनी चाहिए।

(ग) हमें अपने धन, संपत्ति, दौलत आदि की वृद्धि के लिए प्रयास करना चाहिए।

(घ) हमें सामाजिक अनुशासन बनाए रखने का सदैव प्रयास करना चाहिए।

**विकल्प**

(अ) कथन (क) व (ख) सही है।
(ब) कथन (क) व (घ) सही हैं।
(स) कथन (ख) व (ग) सही हैं।
(द) कथन (ग) व (घ) सही हैं।



**अथवा**

**काव्यांश दो**

जिसमें स्वदेश का मान भरा
आजादी का अभिमान भरा
जो निर्भय पथ पर बढ़ आए
जो महाप्रलय में मुस्काए
जो अंतिम दम तक रहे डटे
दे दिए प्राण, पर नहीं हटे
जो देश–राष्ट्र की वेदी पर
देकर मस्तक हो गए अमर
ये रक्त–तिलक–भारत–ललाट!
उनको मेरा पहला प्रणाम

फिर वे जो आँधी बन भीषण
कर रहे आज दुश्मन से रण
बाणों के पवि–संधान बने
जो ज्वालामुख–हिमवान बने
हैं टूट रहे रिपु के गढ़ पर
बाधाओं के पर्वत चढ़कर
जो न्याय–नीति को अर्पित हैं
भारत के लिए समर्पित हैं।
कीर्तित जिससे यह धरा धाम
उन वीरों को मेरा प्रणाम।

**(i) इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए–**

कथन–

(क) देश की रक्षा के लिए देशवासियों को जागरूक करना।

(ख) देश की रक्षा के लिए लड़ते हुए अपना बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धपूर्वक नमन करना।

(ग) माथे पर लाल चंदन का टीका लगाने वाले वीरों को नमन करना।

(घ) देश को समृद्ध बनाने वालों को नमन करना।

विकल्प–

(अं) कथन (ख) सही है | (ब) कथन (क) व (ग) सही हैं

(स) कथन (क), (ग) व (घ) सही है | (द) कथन (क), (ख), (ग) व (घ) सही है

**(ii) कवि ने भारत के माथे पर लाल चंदन किन्हें कहा है ?**

(अ) देश के लिए प्राण अर्पण करने वाले वीरों को

(ब) भारत के राजनेताओं को

(स) शरीर से निकले रक्त लालिमा को

(द) माथे पर लगे लाल तिलक को

**(iii) इस पद्यांश में किनकी विशेषताएँ बताई गई है ?**

(अ) भारतीय नेताओं की

(ब) देश के लिए लड़ने एवं त्याग करने वाले वीरों की

(स) भारतीय व्यापारियों की

(द) देश के वर्तमान शासकों की

**(iv) कवि की श्रद्धा किन वीरों के प्रति है ?**

(अ) जो आंधी बनकर दुश्मन से युद्ध कर रहे हैं।

(ब) जो ज्वालामुखी बनकर दुश्मन पर टूट पड़े हैं।

(स) जो भारत के लिए समर्पित हैं।

(द) इनमें सभी के प्रति।

**(v) यह कविता हमें सीख देती है कि–**
**कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए–**

कथन–

(क) हम देश के लिए मर–मिटने वाले वीरों के प्रति श्रद्धा भाव बनाए रखें।

(ख) हमारे मन में आज़ादी पाने का अभिमान होना चाहिए।

(ग) हमें ललाट पर रक्त–तिलक लगाना चाहिए।

(घ) जिन वीरों ने देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया, उन्हें बारंबार नमन करना चाहिए।

विकल्प–

(अं) कथन (क) व (ख) सही है | (ब) कथन (क) व (घ) सही हैं

(स) कथन (ख) और (ग) सही है | (द) कथन (ग) व (घ) सही है

**प्र0 3 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार चुनकर लिखिए – (1X4=4)**

**(i) इनमें से कर्तृवाच्य का उदाहरण है–**

(अ) महिला अंग्रेज़ी नहीं बोल पाती है। (ब) इस महिला से अंग्रेज़ी नहीं बोली जाती।

(स) इस बुढ़िया से पैदल नहीं चला जाता। (द) तुमसे तो बैठा भी नहीं जाता।

**(ii) 'यह मरीज उठ नहीं पाता।' वाक्य इस वाच्य का उदाहरण है–**

(अ) कर्तृवाच्य (ब) कर्मवाच्य

(स) भाववाच्य (द) अकर्तृवाच्य

**(iii) स्तंभ I और स्तंभ II को सुमेलित करके सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

| | स्तंभ – I | | स्तंभ – II |
|---|---|---|---|
| (क) | बूढ़े दादू से रोटी खाई गईं। | (I) | कर्तृवाच्य |
| (ख) | भारतीय महिला क्रिकेटरों का प्रदर्शन सराहनीय था। | (II) | कर्मवाच्य |
| (ग) | चोटिल बच्चे से दौड़ा नहीं जा सका। | (III) | भाववाच्य |

(अ) (क) – (I) (ख) –(III) (ग) – (II)

(ब) (क) – (I) (ख) – (II) (ग) – (III)

(स) (क) – (II) (ख) – (I) (ग) – (III)

(द) (क) – (III) (ख) – (II) (ग) – (I)

**(iv) 'कमज़ोरी के कारण उससे चला नहीं जाता है।'– वाक्य का कर्तृवाच्य होगा–**

(अ) कमज़ोरी के कारण वह चल नहीं सकेगा।

(ब) कमज़ोरी के कारण वह चल नहीं पाता है।

(स) कमज़ोरी के कारण वह अब नहीं चल पाएगा।

(द) कमज़ोरी के कारण उसके द्वारा चला नहीं जाएगा।

**(v) इनमें से कर्मवाच्य का उदाहरण है–**

(क) अब उससे तेज़ नहीं चला जाता।

(ख) क्रांतिकारी द्वारा हथियार उठा लिया गया।

(ग) क्रांतिकारी हथियार उठा लेते हैं।

(घ) इस क्रांतिकारी से हथियार नहीं उठता है।

**प्र0 4 'पद–परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार चुनकर लिखिए – (1X4=4)**

**(i) 'हमें <u>सच्चाइ</u> की राह पर चलना चाहिए।' रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा–**

(अ) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक

(ब) भाववाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक

(स) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, संबंधकारक

(द) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्मकारक

**(ii) 'नाव <u>धीरे–धीर</u> चलती जा रही थी।'– रेखांकित अंश का पद–परिचय हागा–**

(अ) विशेषण, गुणवाचक, विशेष्य– नाव।

(ब) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'चलना' क्रिया की विशेषता बताने वाली।

(स) कालवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य– नाव ।

(द) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य– चलती जा रही थी।

**(iii) 'बच्चे बगीचे में क्रिकेट <u>खेल रहे थ</u>।'– रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा–**

(अ) अकर्मक क्रिया, अपूर्ण भूतकाल, कर्तृवाच्य।

(ब) सकर्मक क्रिया, अपूर्ण भूतकाल, कर्मवाच्य।

(स) सकर्मक क्रिया, पूर्ण भूतकाल, कर्मवाच्य।

(द) सकर्मक क्रिया, अपूर्ण भूतकाल, कर्तृवाच्य।

**(iv) '<u>अच्छा</u>! तुम्हारी इतनी हिम्मत।'– रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा–**

(अ) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग।

(ब) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग।

(स) विस्मयादिवाचक अव्यय, स्वीकृति का भाव।

(द) विस्मयादिवाचक अव्यय, आश्चर्य का भाव।

**(v) 'यह महिला <u>सुंदर</u> खिलौने बनाती है।'– रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा।**

(अ) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य– खिलौने

(ब) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, विशेष्य– खिलौने

(स) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, स्त्रीलिंग, विशेष्य– खिलौने

(द) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, विशेष्य– खिलौने

**प्र0 5 'वाक्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार चुनकर लिखिए –** **(1X4=4)**

**(i) 'क्या तुम भयभीत थीं ?' – अर्थ के आधार पर कौन–सा वाक्य है ?**

(अ) प्रश्नवाचक वाक्य (ब) इच्छावाचक वाक्य

(स) संदेहवाचक वाक्य (द) संकेतवाचक वाक्य

**(ii) 'अभिनव मेरा अभिन्न मित्र है।'– वाक्य में उद्देश्य और विधेय पद छाँटिए–**

(अ) उद्देश्य– मेरा, विधेय– अभिन्न मित्र।

(ब) उद्देश्य– अभिनव, विधेय– मेरा अभिन्न मित्र है।

(स) उद्देश्य– अभिन्न मित्र, विधेय– अभिनव।

(द) उद्देश्य– मित्र, विधेय– मेरा अभिन्न।

**(iii) 'आपके पास मधुर वाणी है।'– वाक्य को विस्मयवाचक वाक्य में बदलकर लिखिए–**

(अ) अरे वाह! आपके पास मधुर वाणी है।

(ब) शायद आपके पास मधुर वाणी है।

(स) क्या आपके पास मधुर वाणी है ?

(द) आपके पास मधुर वाणी नहीं है।

**(iv) 'न तो चोर भाग सका और न ही उसका साथी।'– इसका सरल वाक्य होगा–**



(अ) चोर भी न भाग सका और उसका साथी भी न भाग सका।

(ब) चोर और उसका साथी दोनों ही न भाग सके।

(स) यद्यपि चोर और उसका साथी भाग सकते थे, फिर भी वे नहीं भागे।

(द) चूँकि चोर नहीं भागा इसलिए उसका साथी भी नहीं भागा।

**(v) 'बादल घिरते ही मौसम सुहावना हो उठता है।'– इसका संयुक्त वाक्य होगा–**

(अ) बादल घिरने पर मौसम सुहावना हो उठता है।

(ब) जब बादल घिरते हैं तब मौसम सुहावना हो उठता है।

(स) बादल घिरते हैं और मौसम सुहावना हो उठता है।

(द) क्योंकि बादल घिरते हैं इसलिए मौसम सुहावना हो उठता है।

**प्र0 6 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार चुनकर लिखिए –** **(1X4=4)**

**(i) स्तंभ– I और स्तंभ– II का मिलान करते हुए सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

| | स्तंभ – I | | स्तंभ – II |
|---|---|---|---|
| **(I)** | उपमेय में उपमान की संभावना | **(क)** | श्लेष अलंकार |
| **(II)** | शब्द के एक से अधिक भिन्न अर्थ | **(ख)** | रूपक अलंकार |
| **(III)** | उपमेय में उपमान का आरोपण | **(ग)** | उत्प्रेक्षा अलंकार |

(अ) (I) – क (II) – ख (III) – ग

(ब) (I) – ग (II) – क (III) – ख

(स) (I) – ख (II) – ग (III) – क

(द) (I) – क (II) – ग (III) – ख

**(ii) 'पीपर पात सरिस मन डोला'– पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?**

(अ) यमक (ब) उपमा

(स) रूपक (द) श्लेष

**(iii) 'अंबर में तारे मानो मोती अनगिनत।' – पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?**

(अ) उत्प्रेक्षा अलंकार (ब) श्लेष अलंकार

(स) मानवीकरण अलंकार (द) अतिशयोक्ति अलंकार

**(iv) नीचे दिए गए उपमा के चार अंगों में से कौन–सा विकल्प गलत है?**

(अ) उपमेय (ब) उपमान

(स) संभावना या कल्पना (द) वाचक शब्द

**(v) 'पानो गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून।' काव्य–पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है**

(अ) श्लेष अलंकार (ब) मानवीकरण अलंकार

(स) उत्प्रेक्षा अलंकार (द) अतिशयोक्ति अलंकार

**प्र0 7 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X5=5)**

मैं भी बहुत भयभीत था पर ड्राइवर को किसी तरह मारपीट से बचाया। डेढ़–दो घंटे बीत गए। मेरे बच्चे भोजन और पानी के लिए व्याकुल थे। मेरी और पत्नी की हालत बुरी थी। लोगों ने ड्राइवर को मारा तो नहीं पर उसे बस से उतार कर एक जगह घेर कर रखा। कोई भी दुर्घटना होती है तो पहले ड्राइवर को समाप्त कर देना उचित जान पड़ा। मेरे गिड़गिड़ाने का कोई विशेष असर नहीं पड़ा। इसी समय क्या देखता हूँ कि एक खाली बस चली आ रही है और उस पर हमारा बस कंडक्टर भी बैठा हुआ है। उसने आते ही कहा, "अड्डे से नई बस लाया हूँ, इस बस पर बैठिए। वह बस चलाने लायक नहीं है।" फिर मेरे पास एक लोटे में पानी और थोड़ा दूध लेकर आया और बोला, "पंडित जी ! बच्चों का रोना मुझसे देखा नहीं गया।"

**(i) लोग ड्राइवर के साथ क्यों मार–पीट कर रहे थे ?**

अ बस खराब होने के कारण ब बस न चलाने के कारण

स कंडक्टर के चले जाने के कारण द बस गलत जगह खड़ी करने के कारण

**(ii) लेखक ने किसको मार–पीट से बचाया ?**

अ कंडक्टर को ब ड्राइवर को

स यात्रियों को द डाकुओं को

**(iii) बस का कंडक्टर कहाँ गया था ?**

अ पैसा जमा करने ब डाकुओं को बुलाने

स नई बस लाने द पुलिस को बुलाने

**(iv) किसकी हालत बुरी हो रही थी ?**

अ लेखक की ब लेखक की पत्नी की

स लेखक के बच्चों की द उपर्युक्त सभी की

**(v) यात्रियों ने ड्राइवर के साथ क्या किया ?**

अ उसे बस से उतार दिया ब उसे एक जगह घेर कर रखा

स 'अ' और 'ब' दोनों सही है द उसे एक कमरे में बंद कर दिया

**प्र0 8 गद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X2=2)**

(i) 'बस की यात्रा' पाठ के अनुसार लेखक को ऐसा क्यों लग रहा था कि हम इंजन के भीतर बैठे हैं ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | सर्दी के कारण | ब | परेशानी के कारण |
| स | उनके उम्र के कारण | द | शोर और कंपन के कारण |



(ii) 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ के आधार पर बताइए कि रज्जो कौन थी ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | लेखक के मामा की लड़की | ब | लेखक के पड़ोसी की लड़की |
| स | बदलू की लड़की | द | बदलू की भतीजी |

**प्र0 9 निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों से सबसे उचित विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X5=5)**

नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं !
अभी भी दबा है चिड़िया की
चोंच में तिनका
और वह उड़ने की तैयारी में है !
अभी भी झरती हुई पत्ती
थामने को बैठा है हाथ एक
अभी भी भीड़ है स्टेशन पर
अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है
गंतव्य तक
जहाँ कोई कर रहा होगा प्रतीक्षा।

(i) चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर क्या करने की तैयारी में है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | जाने की | ब | सोने की |
| स | उड़ने की | द | भागने की |

(ii) 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता कैसा दृष्टिकोण लिए हुए है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | रहस्यवादी | ब | निराशावादी |
| स | आशावादी | द | इनमें से कोई नहीं |

(iii) झड़ते हुए पत्ते को थामने के लिए कौन बैठा है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | बच्चे | ब | बुजुर्ग |
| स | हाथ | द | गाँव वाले |

(iv) 'गंतव्य' शब्द का क्या अर्थ है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | जिस स्थान पर पहुँचना होता है | ब | स्थान को छोड़ कर जाना |
| स | जिस स्थान पर पहुँचना नहीं होता है | द | इनमें से कोई नहीं |

(v) गंतव्य पर कोई किसी की क्या कर रहा होगा ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | प्रशंसा | ब | प्रतीक्षा |
| स | याद | द | भुलाने की कोशिश |

प्र0 10 पद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X2=2)

(i) 'दीवानों की हस्ती' कविता के अनुसार दीवानों को क्या पछतावा है ?

अ भिखमंगे बनने का | ब स्वच्छंद प्यार लुटाने का

स लोगों को अपने जैसा मस्त न बना पाने का | द इनमें से कोई नहीं

(ii) कबीर किसकी निंदा न करने की सीख देते हैं ?

अ पड़ोसियों की | ब मित्रों की

स कमज़ोर लोगों की | द जानवरों की

**(खण्ड– 'ब')**

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**प्र0 11 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** (2X4=8)

**(क)** मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ? 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

**(ख)** 'मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था।'–इस कथन के लेखक का नाम लिखकर बताइए कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा होगा।

**(ग)** बदलू को किस बात से चिढ़ थी ? शहर के विषय में उसके क्या विचार थे ?

**(घ)** 'पूरी बस सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौर से गुज़र रही थी।'– ऐसा किस प्रसंग में कहा गया है ? 'बस की यात्रा' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**(ङ)** लेखक के अनुसार सबसे बुरा आचरण क्या है ? 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**प्र0 12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** (2X3=6)

**(क)** कवि अपने हृदय पर किस असफलता का निशान भार की तरह लेकर जा रहा है ? कविता 'दीवानों की हस्ती' के अनुसार उत्तर लिखिए।

**(ख)** 'एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है।'– 'भगवान के डाकिए' कविता के आधार पर पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

**(ग)** 'यह सबसे कठिन समय नहीं है।' यह बताने के लिए कविता में कौन–कौन–से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं ?

**(घ)** 'मनुवाँ तो दहुँ दिसि फिरै, यह तो सुमिरन नाहिं' के माध्यम से कबीर क्या कहना चाहते हैं ?

**प्र0 13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दा प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए–** (3X2=6)

**(क)** बुद्ध की शिक्षाओं को अपने शब्दों में लिखिए।

**(ख)** कुंभ स्नान पर्व के बारे में नेहरू जी के क्या विचार थे ?

**(ग)** भारत की तकनीकी कौशल में पिछड़ने से यूरोप की स्थिति कैसी हो गई ?

प्र0 14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए– (6X1=6)

(क) लड़का–लड़की एक समान

**संकेत बिंदु–** • समाज में लड़का–लड़की के प्रति भिन्न दृष्टिकोण • लड़कियों के प्रति दृष्टिकोण को बदलना • समाज में दोनों की समानता • लड़कियों के प्रति भेदभाव की समाप्ति व उनका सम्मान



(ख) मेरे जीवन का लक्ष्य

**संकेत बिंदु–** • लक्ष्य • लक्ष्यपूर्ण जीवन के लाभ • लक्ष्यपूर्ति का प्रयास • लक्ष्य निर्धारण के कारण

(ग) परोपकार

**संकेत बिंदु–** • परोपकार सबसे बड़ा मानव धर्म • प्रकृति में परोपकार • परोपकार के उदाहरण • मनुष्यता की पहचान

**प्र0 15 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए– (5X1=5)**

**(क)** आपका नाम सौरभ जैन/सुरभि जैन है। परीक्षोपयोगी सलाह देते हुए अपनी छोटी बहन/भाई को पत्र लिखिए।

**अथवा**

**(ख)** आप अर्पित सिंह/अर्पिता सिंह हैं। आप रामनगर, रायपुर में रहते हैं। दैनिक भास्कर के संपादक को पत्र लिखकर बताइए कि लोग अपने वातावरण को स्वच्छ रखने की तरफ़ बिलकुल ध्यान नहीं देते हैं।

**प्र0 16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए– (4X1=4)**

**(क)** फलवाले और ग्राहक के मध्य हुए बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

**(ख)** आपके पैर में चोट लगी है। माँ द्वारा कारण पूछे जाने पर उनसे होने वाले संवाद को लगभग 80 शब्दों में लिखिए।

**प्र017 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए– (5X1=5)**

**(क)** 'मोहित बैग' बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**(ख)** 'चित्रा पेंसिल' बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

––0––